वर्ष-07, अंक - 113 | शनिवार, 07 अक्टूबर 2023 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर

दोपहर मेट्रो

विकास का विश्वास शिवराज के साथ

₹ 53000 करोड़ की 13000 परियोजनाओं

का प्रदेश-स्तरीय

भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री

शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

6 अक्टूबर, 2023

पूर्वाह्न 11:30 बजे | रवींद्र भवन, भोपाल



- ₹ 18336.61 करोड़ की 18 जिलों की 33 सिंचाई परियोजनाएं
- ₹ 16193.28 करोड़ की 24 जिलों की जल प्रदाय परियोजनाएं
- ₹ 4657.34 करोड़ लागत की 15 जिलों की सड़क परियोजनाएं
- ₹ 2491.37 करोड़ लागत की अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) व स्मार्ट सिटी मिशन की विभिन्न परियोजनाएं
- ₹ 1674.27 करोड़ लागत के अस्पताल, कॉलेज, सीएम राइज़ स्कूल, हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल
- ₹ 1129.02 करोड़ लागत के 90 विद्युत उपकेन्द्र
- ₹ 8523.48 करोड़ की अन्य विकास परियोजनाएं

ग्वालियर एलिवेटेड कॉरिडोर

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D11140/23

D16227/23

पूर्वजों की आत्मशांति के लिए किया तर्पण

भोपाल। श्राद पक्ष के चलते लोग अपने पूर्वजों की आत्मशांति के लिए तर्पण कर रहे हैं। नर्मदा घाटों के अलावा नदी में तर्पण कराया जा रहा है। इसी के साथ राजधानी में शीतलदास की बगिया में पूर्वजों की आत्मशांति के लिए तर्पण किया।

पुराना कलेक्ट्रेट भवन 8.50 हेक्टेयर जमीन पर बना है

प्रोफेसर कॉलोनी में नए कलेक्टर कार्यालय के निर्माण से पहले 8 विभागों को एनजीटी का नोटिस

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रोफेसर कॉलोनी में 413 करोड़ रुपये से बनने वाले नए कलेक्ट्रेट कार्यालय के निर्माण से पहले एनजीटी ने 8 विभागों को नोटिस जारी कर दिया है। इस मामले में एक याचिका लगाई है, जिसमें पर्यावरण समेत अन्य पक्षों को शामिल किया गया है और कहा है कि इस निर्माण से नुकसान हो सकता है। एनजीटी ने यह नोटिए कलेक्टर भोपाल, नगर निगम, टीएडंसीपी, यूएडीडी, स्टेट वेटलैंड अथारिटी, स्टेट एन्वायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथारिटी आदि को दिया है। जिसमें 4 विभागों की कमेटी बनाई है।

याचिका में बताया गया है कि छोटा तालाब भोजवेट लैंड का हिस्सा है। जिससे इसके आसपास 50 मीटर तक कोई निर्माण नहीं हो सकता है। तब भी टीएडंसीपी ने इसका लैंडयूज बदलते हुए 50 की बजाय 33 मीटर तक के क्षेत्र को जोन आफ इन्फ्लुएंस माना है जो सही नहीं है। वहीं सिया में पर्यावरण अनुमति लेने के लिए छोटे तालाब से इसकी दूरी जिक्र नहीं की, जबकि इसमें बड़े तालाब की दूरी 300 मीटर बताई है ताकि अनुमति में आपत्ति न आए। साथ ही यहां 390 पेड़ हैं, इन्हें काटने की अनुमति मांगी गई है लेकिन ये पेड़ 50 वर्ष से अधिक पुराने हैं, इन्हें काटने की अनुमति नहीं दी जा सकती। याचिका में बताया कि पुराना कलेक्ट्रेट भवन 8.50 हेक्टेयर जमीन पर बना है। जबकि प्रोफेसर कालोनी में करीब आठ हेक्टेयर में कलेक्ट्रेट कार्यालय व कामर्शियन काम्प्लेक्स बनना है। ऐसे में पुराने स्थान पर यदि कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण किया जाए, तो पर्यावरण को हानि नहीं होगी।

इधर, एनजीटी द्वारा इस मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी बना दी गई है। इसमें मिनिस्ट्री आफ एनवायमेंट फारेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज, स्टेट वेटलैंड अथारिटी भोपाल, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सिया के पदाधिकारी शामिल होंगे। चार सदस्यीय टीम स्थल निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट एनजीटी को छह सप्ताह में सौंपेगी। हालांकि इसमें सिया और स्टेट वेटलेंड अथारिटी को प्रतिवादी बनाया गया है, फिर भी जांच कमेटी में भी शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि बड़ा और छोटा दोनों तालाबों को मिलाकर भोज वेटलैंड बना है। ऐसे में बड़े तालाब की तरह छोटे तालाब के किनारे 50 मीटर तक निर्माण प्रतिबंधित है लेकिन यहां 33 निर्माण तक निर्माण की अनुमति दी गई है जो कि वेटलैंड प्रबंधन एवं संरक्षण नियम 2017 का उल्लंघन है। वहीं वेटलैंड नियम भारत सरकार ने बनाए हैं, इसमें मप्र की शासकीय एजेंसियों या राज्य सरकार द्वारा बदलाव नहीं किया जा सकता।

4 गेस्ट फैकल्टी को किया टर्मिनेट, जांच शुरू, एफआईआर भी दर्ज कराने की भी तैयारी

पॉलिटेक्निक कॉलेज में पेपर बेचने का वीडियो वायरल होने के मामले हुई कार्यवाही

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी के पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीन साल पहले पेपर बेचने के मामले के वीडियो वायरल होने के बाद मामले में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) प्रबंधन ने बड़ी कार्यवाही की है। कुलपति प्रो. सुनील कुमार गुप्ता ने कहा है कि मामला पुराना है, इसकी विस्तृत जांच के बाद सभी दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए चार गेस्ट फैकल्टी को टर्मिनेट कर दिया गया है। जांच के बाद जरूरत पड़ने पर मामला पुलिस को सौंपकर एफआईआर दर्ज भी कराई जाएगी। इस मामले में कॉलेज की इंटरनल कमेटी ने जांच की जिसमें प्रथम दृष्ट्या चार गेस्ट फैकल्टी गौरव जैन, हिमांशु राय, सुरभि श्रीवास्तव व सतीश अहिरवार को पहले सस्पेंड किया गया था और शुक्रवार को टर्मिनेट कर दिया गया है।

अब इन कॉलेजों को स्टेट एग्जाम में शामिल कर लिया गया है: उल्लेखनीय है कि तीन साल पहले तक सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑटोनोमस थे। उस समय पेपर बनने से लेकर रिजल्ट तक की प्रक्रिया कॉलेज में ही होती थी। लेकिन अब इन कॉलेजों को स्टेट एग्जाम में शामिल कर लिया गया है। इसकी मॉनीटरिंग आरजीपीवी द्वारा की जा रही है। एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के चार गेस्ट फैकल्टी द्वारा छात्रों को पेपर बेचने के वीडियो वायरल हुए हैं। बताया जाता है कि इन फैकल्टी में आपस में विवाद होने के बाद यह वीडियो उजागर किए गए हैं। गुरुवार को एनएसयूआई ने जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में कुलपति दफ्तर का घेराव किया गया था। कुलपति ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके श्रीवास्तव को बुलाकर चर्चा की गई है।

11 माह बाद भी नहीं बने सेवा नियम, कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पशुपालन विभाग के अंशकालीन स्वच्छकार कर्मचारियों को नियमित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन ने 4 नवंबर 2022 को सेवा भर्ती नियम 1979 में संशोधन कर नई सेवा भर्ती नियम बनाने का निर्णय लिया था।राजपत्र में अंशकालिक स्वच्छकार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के समक्षक घोषित किया था। साथ ही पूर्णकालिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियमित नियुक्ति देने का निर्णय लिया था लेकिन प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग की हठ धर्मिता के कारण राजपत्र के प्रकाशन के 11 माह के बाद भी पशुपालन विभाग ने नए सेवक भर्ती नियम नहीं बनाए हैं। जिस कारण पशुपालन विभाग के अंशकालीन स्वच्छकार आज भी अनियमित कर्मचारी के रूप में नौकरी करने को मजबूर हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि पशुपालन विभाग के अंशकालीन स्वच्छकार को पूर्णकालिक चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमित नियुक्ति तत्काल प्रदान की जाए। मध्य प्रदेश शासन के निर्णय का पालन किया जाए।

सैनिक कॉलोनी की सड़कों एवं नालियों के लिए भूमिपूजन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

वार्ड पांच में सैनिक कॉलोनी स्थित सड़कों एवं नालियों का पार्षद अशोक मारण ने भूमिपूजन किया। पंडित रवि पटेरिया एवं पंडित राजकुमार गर्ग ने मंत्र उच्चारण के साथ भूमिपूजन कराया।

इस अवसर पर मारण ने कहा कि यहां पर लगभग पच्चीस से तीस लाख रुपए तक सीमेंट कांक्रीट की सडको एवं नालियों का कार्य किया जाएगा यहां पर बरसात के समय स्थानीय रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बजट के अभाव के कारण विकास कार्यों में कुछ परेशानियां आई पर वार्ड में विकास करना मेरी सबसे पहले प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उप ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, राज मनवानी, महेश गुरबानी, नरेन्द्र केवलानी, जीतेश खानचंदानी, दिलीप ज्ञानचंदानी, सुरेश सिंगरोली सहित बडी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित थे।

मप्र क्रेडाई का दल मिस्र में

इंडिया-इजिप्ट बिज़नेस मीट के साथ मिस्र की रिसार्ट सिटी शरमल-शेख़ में 21 वाँ क्रेडाई नेटकॉन प्रारंभ हुआ. क्रेडाई-सीआईआई के इस आयोजन में इजिप्ट के प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली अपने अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्टर और अधिकारियों सहित शामिल हुए। मिस्र आधुनिक इंफ़्रास्ट्रक्चर और नये शहरों के निर्माण पर तेज़ी से काम कर रहा है। मध्यप्रदेश क्रेडाई से भोपाल के मनोज मीक, अजय मोहगांवकर और इंदौर के नवीन मेहता, विजय गाँधी सहित क्रेडाई मध्यप्रदेश के 15 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल इंडिया-इजिप्ट बिज़नेस मीट में शामिल है।

नए चेहरों का स्वागत, पुराने साथियों ने कहा अलविदा

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने नए चेहरों का स्वागत करने और पास-आउट स्टूडेंट्स को उत्साह के साथ अलविदा कहने के लिए एमबीए और इंटीग्रेटेड एमबीए के स्टूडेंट्स के लिए फ्रेशर सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रबंध निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी और निदेशक, डॉ. आशीष ठाकुर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

छात्राओं ने विभिन्न वस्तुओं की एक रंगीन प्रस्तुति की जिसमें रैंप वॉक, गायन, मजेदार खेल और नृत्य प्रदर्शन शामिल थे। कार्यक्रम का विषय बॉलीवुड था, जिसमें छात्राओं ने खुद को अलग-अलग युग की अभिनेत्रियों के रूप में प्रस्तुत किया। मुस्कान वासवानी (एमबीए) और युसरा अली (एमबीए- इंटग्रेटेड) को मिस फ्रेशर चुना गया। महर्षिता राज और हिमानी परयानी को मिस एसएचआईएम चुना गया। कार्यक्रम में अन्य उपाधियाँ भी दी गईं, जिनमें रिया नरयानी को मिस बॉलीवुड क्वीन, मुस्कान वाधवानी को मिस मेधावी, स्वाति पेसवानी को मिस ईव, गरिमा सेन को मिस एथनिक, वैष्णवी साहू को मिस प्रिटी पिंक, नैंसी विश्वक्रमां की मिस देज्लिंग , मिस दिया पंजवानी को मिस फोटोजेनिक चुना गया। कार्यक्रम के दौरान, पास-आउट स्टूडेंट्स ने अपनी खूबसूरत यादें साझा कीं और संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।

मेट्रो एंकर भोपाल का नया पर्यटन स्थल बनेगा संत हिरदाराम गुलाब उद्यान

गुलाब उद्यान का लोकार्पण, संतजी की प्रतिमा का अनावरण

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने आज संत नगर के नागरिकों की आस्था के केन्द्र संत श्री हिरदाराम साहिब जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर संत नगर के नागरिक अपने श्रद्धा के केन्द्र संत जी की प्रतिमा के दर्शन करने एकत्रित हुए। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि संत जी के आशीर्वाद से जनसेवा का संकल्प लिया आज उनकी प्रतिमा का अनावरण का सौभाग्य मेरे पुण्यों का सूर्योदय है। विधायक शर्मा ने आज संत नगर में निर्मित संत हिरदाराम गुलाब उद्यान के प्रथम चरण का भी लोकार्पण किया। दूसरे चरण के बाद इस उद्यान की महक संत जी के विचारों को लेकर पूरे मध्यप्रदेश को महकाएगी।

लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज मेरे सौभाग्य का सूर्योदय हुआ है। मेरे पुण्य जागे हैं। जिन संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी का आशीर्वाद लेकर मैं अपनी जनकल्याण की यात्रा करता हूँ, आज उन संत जी की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि है। संत जी ने पूरा जीवन समाज कल्याण में खपा दिया। उन्होंने गरीबों और पिछड़ों के उत्थान के लिये अनेकों सरोकार किये। इसलिए आज उनकी प्रतिमा का अनावरण भी किया है और उनके नाम पर संत हिरदाराम गुलाब उद्यान का भी लोकार्पण भी किया। इस गुलाब उद्यान की महक संत जी के विचारों से आप्लावित होकर पूरे प्रदेश को सुगंधित करेगी। यह संत उद्यान भोपाल के नये पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित होगा। युवा, वृद्ध जन सहित सभी नागरिक यहाँ पर्यावरण का आनंद तो लेंगे ही साथ ही यहाँ आने वाले पर्यटकों की के चलते यह रोज़गार का भी बड़ा केंद्र बनेगा।

ये रहे उपस्थित: संत हिरदाराम जी साहब की प्रतिमा के अनावरण एवं संत हिरदाराम गुलाब उद्यान के लोकार्पण अवसर पर शिक्षा विद विष्णु गेहानी, साबूमल रिझवानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत, ईश्वरलाल हिमथानी, सुशील वासवानी, नरेश तोलानी, हीरो ज्ञानचंदानी, लोकूमल जानयानी, कर्नल नारायण पारवानी, महेश दयारामानी, मूलचंद विधानी, चंद्र प्रकाश इशरानी, बसंत चेलानी, शिबू विश्वकर्मा, गुड्डू मेहरा, अभिषेक चौकसे, भगवत विश्वकर्मा, महेश शर्मा, शेट्टी चंदनानी, दिलीप कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

नाका से कुटिया तक 2.5 करोड़ की रोड बनेगी

संत हिरदाराम जी साहिब की प्रतिमा का अनावरण एवं गुलाब उद्यान का लोकार्पण करने पहुंचे विधायक रामेश्वर शर्मा ने बड़ी जानकारी देते हुए कहा कि सीहोर नाके से डीके हॉस्पिटल- किराना धर्मशाला-सीआरपी से गुरुद्वारा रोड होते हुए ओल्ड बी वार्ड, सैनिक कॉलोनी होते हुए संत हिरदाराम जी साहिब की कुटिया तक पूर्ण सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा जिसके लिए 2.5 करोड़ खर्च किये जायेंगे । शर्मा ने कहा कि उक्त कार्य के टेंडर जारी कर दिए गए हैं ।

सुनियोजित विकास की भी पहचान गढेगा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि नागरिको के सहयोग से पिछले 10 वर्षों में संत नगर में हमने ऐतिहासिक विकास कार्य कराए कुछ जमीन पर उतर चुके कुछ जल्द उतरने वाले हैं श्री शर्मा ने कहा कि हम संत नगर में ऐसा सुनियोजित विकास कर रहें है जिससे व्यावसायिक नगर की पहचान रखने वाला हमारा संत नगर सुनियोजित विकास वाले नगर की पहचान से भी पहचाना जाएगा ।

जन्मदिन पर युवा कर रहे रक्त दान

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बजरंग सेना समिति व मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसायटी के आव्हान पर युवा रक्तदाता बन रहे हैं। नियमित रूप से जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में अनन्या जया मिश्रा ने अपने जन्म दिन पर रेडक्रॉस ब्लड बैंक में रक्तदान किया। संस्था के सदस्य सुष्मिता हलदार, मुजफ्फर अली, आर्यन श्रीवास्तव, मनोज नागर, शिरीष पाटिल आदि शहर के विभिन्न कॉलेज तथा स्कूलों में जाकर बच्चों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जीवन सार्थक फाउंडेशन से अखिलेश अग्रवाल ने भोपाल से रक्त प्रेरक लकी सिंह नेगी के साथ अपना 104वां रक्तदान रेडक्रॉस ब्लड बैंक में ही किया था।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 113 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
07 अक्टूबर 2023 शनिवार

आज का मौसम
33 अधिकतम
20 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

दोपहर मेट्रो

Page- 7

सीएम ने चलित रसोईघरों को किया रवाना, नवगठित जिले पांर्दुना व मैहर पहुंचेंगे

आचार संहिता...आज राहत में सरकार,अब नजर में इतवार

भोपाल। दीनदयाल चलित रसोई के लोकार्पण मौके पर सीएम शिवराज का मुंह मीठा कराते कर्मचारी।

पीआर का पौधा

मुख्यमंत्री ने आज जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों संग बरगद बेल, मौलश्री, गुलमोहर और पीपल के पौधे रोपे, बरसों से बाधित पदोन्नतियों की राह खुलने से महकमा भी खुश है।

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र में आज चुनाव की तारीखों के ऐलान के पूरे आसार देखते हुए कल शुक्रवार को दिनभर सरकार अनथक मेहनत में जुटी रही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कई कार्यक्रमों के लिये भोपाल से डिंडौरी तक दौड़भाग की और 53 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण कर दिया। इससे पहले पीएम मोदी मप्र को करीब तीस हजार करोड़ के कामकाज की सौगातें देकर गए थे।

आज चुनाव के ऐलान की संभावना क्षीण होते ही सरकार फिर सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री ने आज सुबह भोपाल में दीनदयाल रसोई केंद्रो को हरी झंडी दिखाई और दोपहर बाद में नवगठित जिले पांर्दुना व मैहर पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि इन जिलों के लिये कई नई सौगातों का ऐलान भी होने वाला है। सरकार समेत सभी राजनीतिक दलों की निगाहें अब कल रविवार पर है, माना जा रहा है कि कल या सोमवार को चुनाव की तारीखों के ऐलान हो सकता है। मुख्यमंत्री चौहान ने आज स्मार्ट पार्क में 7 चलित दीनदयाल रसोई केंद्र को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह केंद्र उन स्थानों पर जाकर श्रमिकों और अन्य जरूरतमंद लोगों को पांच रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध करवाएंगे जहां ऐसे लोग कार्य करते हैं। इस मौके पर सीएम ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय दरिद्र को ही भगवान मानते थे। मप्र में भी दरिद्र की सेवा के लिए चलित रसोई केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं ताकि शहरों में आने वाले मजदूर और अन्य निर्धन व्यक्ति रियायती दर पर भोजन कर सके। अभी 166 स्थानों पर दीनदयाल रसोई केंद्र हैं। प्रदेश में 25 चलित रसोई केंद्र प्रारंभ हुए हैं। चलित केंद्र की लागत 25 लाख रुपए है। इसमें खाना तैयार करने और गर्म खाना रखने के आधुनिक उपकरण भी रहेंगे। भोपाल में 3,इंदौर में 4,जबलपुर, ग्वालियर में दो दो चलित केंद्र कार्य करेंगे।

हताश है भाजपा: कमलनाथ

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज कहा कि भाजपा में हताशा चरम पर है। पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेना बंद कर दिया और उन्हें मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर दिया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने के लिए पहले तो मुख्यमंत्री ने जनता के बीच यह पूछना शुरू किया कि मैं चुनाव लडूं या नहीं लडूं और अब सीधे पूछ रहे हैं कि मोदीजी को प्रधानमंत्री होना चाहिए या नहीं। पीएम और सीएम की जंग में, भाजपा में जंग होना तय है। जिन्हें टिकट मिला, वह लड़ने को तैयार नहीं है और जो टिकट की रेस से बाहर हैं, वह सबसे लड़ते फिर रहे हैं।

भाजपा के 55 नाम तैयार,चौंकाने वाले फैसले फिर इस बार!

भोपाल, आशीष दुबे

विधानसभा चुनाव के ऐलान के पहले ही उम्मीदवारों की तीन 'चौंकाने वाली सूची' जारी कर चुकी भाजपा अब चौथी सूची जारी करने की दहलीज पर है। इस बार यह सूची 39 के फेर से आगे बढ सकती है और करीब 55 नाम सूची में आ सकते हैं। इस बार चौंकाने वाले नाम अपेक्षाकृत कम भी हो सकते हैं और प्रतीक्षित चेहरों को टिकट का ऐलान हो सकता है। आज कोर ग्रुप की बैठक भी हो रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने करीब सौ चेहरे चुनाव ऐलान के साथ सामने लाने की तैयारी की है। इनमें हारी सीटों से लेकर करीब पचास मौजूदा विधायकों के टिकट भी होंगे।आज सीईसी इन पर दिल्ली में विचार कर रही है। भाजपा के जानकार सूत्रों का कहना है कि चौथी सूची के नामों पर पार्टी हाइकमान ने तीस सितंबर को चर्चा कर ली है। इसमें मामूली फेरबदल के साथ अब करीब 55 नामों का ऐलान करने की तैयारी हो गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भाजपा की दो सूची 39-39 नामों की आई थी और फिर एक नाम बाद में घोषित हुआ था। अब तक सात सांसद विस चुनाव में उतारे जा चुके हैं, अगली सूची में एक और सांसद के नाम की संभावना है। माना जा रहा है कि पितृपक्ष के चलते भाजपा व कांग्रेस टिकट सूची को लेकर ठिठकी हुई है लेकिन भाजपा के एक पदाधिकारी का कहना है कि ' ऐसी स्थिति नहीं हैं क्योंकि प्रत्याशियों के ऐलान का सिलसिला पितृपक्ष के पहले ही कर चुके हैं तो नयी सूची भी उसकी कड़ी ही होगी।' कांग्रेस भी इसे 'बैरियर' नहीं मान रही है।

भोपाल में चौंकाने वाला चेहरा !

सूत्र मानते हैं कि भाजपा भोपाल में भी एक बेहद चौंकाने वाला उम्मीदवार दे सकती है। इस 'बड़े नाम' के चलते अन्य सीटों पर मौजूदा चेहरों के समीकरण व क्षेत्र भी बदल सकते हैं। इस प्रयोग के लिए दक्षिण पश्चिम सीट का नाम उभर रहा है। इस सीट पर भाजपा किसी मजबूत चेहरे को सामने लाना चाहती है। अभी इस सीट पर कांग्रेस के पीसी शर्मा का कब्जा है।

बदल सकते हैं टिकट ?

माना जा रहा है कि भाजपा ने पिछली दो सूची में सांसदों के तौर पर जो प्रयोग किये थे, उनमें आंशिक परिवर्तन हो सकता है। इसके लिए कम से कम दो सांसद हाइकमान से आग्रह कर चुके हैं। वे चुनाव लड़ने के लिये तो तैयार हैं लेकिन क्षेत्र बदलने की अपेक्षा कर रहे हैं। ज्ञात हो कि भाजपा ने हारी सीटों पर सांसदों को उतारा है। यह सांसद विंध्य से लेकर महाकोशल व चंबल तक चुनाव लड़ने वाले हैं।

इटारसी के पास बस पलटी, कई घायल

इटारसी। शनिवार सुबह आदिवासी विकासखंड केसला में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर यात्रियों से भरी एक बस बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में बस में सवार डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से अस्पताल भेजा गया। बस बैतूल से इटारसी की ओर आ रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के पास बस का पट्टा टूटने के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद वाहन चालक बस छोड़कर लापता हो गया।

अक्षय का मिशन रानीगंज नाकाम

मुंबई । बॉलीवुड के टॉप स्टार्स में से एक, अक्षय कुमार का समय बॉक्स ऑफिस पर अच्छा नहीं चल रहा। अब अक्षय की नई फिल्म 'मिशन रानीगंज' थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है लेकिन इसकी हालूत बाक्स आफिस पर खराब है। ढाई हजार स्क्रीन पर रिलीज फिल्म ने पहले दिन बमुश्किल ढाई करोड़ रूपये का कलेक्शन किया था।

सिक्किम: एक और झील टूट सकती हैं, प्रशासन अलर्ट

गंगटोक, एजेंसी। राजधानी गंगटोक से 135 किमी दूर स्थित लाचेन वैली की शाको चू लेक गंभीर हालत में है। इसे ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड से ठीक पहले की अवस्था कहा जा सकता है। जिला प्रशासन ने इमरजेंसी अलर्ट जारी किया है और संबंधित इलाकों से नागरिकों को हटाना शुरू कर दिया है।

युद्धः हमास ने दागे 5000 रॉकेट इजरायल ने किया ऐलाने जंग

नई दिल्ली , एजेंसी।

फिलिस्तीनी आतंकियों की ओर से इजरायल पर रॉकेट दागे जाने के बाद इजरायल ने युद्ध की घोषणा कर दी है। खबरों के मुताबिक शनिवार तड़के फिलिस्तीनी आतंकियों ने इजरायल के क्षेत्रों पर दर्जनों रॉकेट दागे जिससे एक महिला की मौत भी हो गई है। इस हमले के बाद इजरायल ने युद्ध की घोषणा कर दी है। इजरायल सरकार ने अपने नागरिकों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है व आपात कैबनिट बुलाई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा पट्टी की की तरफ से इजरायल के कई रिहायशी इलाकों पर रॉकेट दागे गए हैं. इजरायल की सेना ने कहा है कि हवाई हमले को लेकर अलर्ट करने वाले सायरन की आवाज आर्थिक और सांस्कृतिक राजधानी तेल-अवीव तक सुनाई दी है.

फिलिस्तीनी आतंकियों की ओर से इजरायल पर ऐसे समय में रॉकेट लॉन्च किया गया है जब हाल ही में गाजा और इजरायल की अस्थिर सीमा पर हफ्तों तक तनाव का माहौल बना रहा.

फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के नेता मोहम्मद डेफ ने बयान जारी करते हुए कहा है कि हमास ने इजरायल के खिलाफ एक नया सैन्य अभियान शुरू किया है. इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन अल-अक्सा स्टॉर्म' रखा गया है।

धर्मेन्द्र को किशोर कुमार सम्मान देगी मप्र सरकार

भोपाल, दोपहर मेट्रो। मप्र सरकार ने राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान एवं राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान की घोषणा कर दी है।

प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र देओल को किशोर कुमार सम्मान से नवाजा जाएगा, जबकि लता मंगेशकर सम्मान संगीत निर्देशक उत्तम सिंह को प्रदान किया जाएगा। संस्कृति विभाग के इन राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मानों की सम्मान राशि वर्ष 2022 से दोगुनी कर दी गई है। अब राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान एवं राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान के तहत पांच लाख की सम्मान राशि, सम्मान पट्टिका प्रदान की जाएगी। बताया जाता है कि इन सम्मानों के लिए चयन समिति की बैठक विगत दिनों मुंबई में आयोजित की गई थी।

एशियन गेम्स में भारत ने लगाई मेडल्स की सेंचुरी, रचा इतिहास

नई दिल्ली । इस बार 100 पार.... वाले लक्ष्य के साथ भारतीय एथलीट्स चीन के हांगझोउ में एशियन गेम्स में खेलने गए थे और आज इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अभी तक भारत ने 100 मेडल्स जीते हैं, लेकिन अभी यह संख्या और बढ़ सकती है. कुल मिलाकर भारतीय एथलीट्स ने हांगझोउ में नया इतिहास रच दिया है। आज सुबह जैसे ही भारत की बेटियों ने कबड्डी में गोल्ड मेडल जीता, यह उसका 100वां मेडल रहा। इससे पहले भारत ने जकार्ता एशियन गेम्स में भारत ने 70 मेडल्स जीते थे। यह उसका हांगझोउ एशियाड से पहले तक इन खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, लेकिन अब इस एशियाड में यह रिकॉर्ड काफी छूट चुका है। भारतीय एथलीट्स चीन के हांगझोउ में अपना परचम लहरा रहे हैं।

बीती 4 अक्टूबर को भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम में शामिल ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले की भारतीय मिश्रित टीम ने गोल्ड मेडल जीता, इसके साथ ही तब भारत के कुल मेडल्स 70 पार हो गए थे. इस दौरानतब भारत ने जकार्ता एशियन गेम्स 2018 में 70 पदक जीतने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया. भारत ने 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में कुल 70 पदक अपनी झोली में डाले थे. भारत ने जकार्ता में 16 गोल्ड, 23 सिल्वर, 31 ब्रॉन्ज समेत कुल 70 पदक जीते थे।

मेट्रो एंकर महादेव ऐप घोटाला,जिसमें फंस गए हैं बॉलीवुड सितारे

कपड़े की दुकान से सट्टेबाजी के आसमान तक...

नई दिल्ली , एजेंसी।

महादेव ऐप की बात जब भी आती है तो छत्तीसगढ़ के एक 26 साल के युवक का जिक्र बार–बार होता है। महादेव ऐप के पीछे 26 साल का सौरभ चंद्राकर का दिमाग है। इसके जरिए कथित रूप से गैरकानूनी सट्टेबाजी का धंधा चल रहा था। इस घोटाले में अब रणवीर कपूर, कपिल शर्मा समेत कई बॉलीवुड के बड़े सितारों के नाम भी है। जिनसे प्रवर्तन निदेशालय जल्द ही पूछताछ करने वाला है। महादेव ऐप का करीब 5 हजार करोड़ रुपए का घोटाला बताया जाता है। इसमें अगस?त में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दो ओएसडी से पूछताछ हो चुकी है।

दरअसल, रायपुर से कोई तीस किलोमीटर दूर स्थित भिलाई इंडस्ट्रियल सिटी में सौरभ के पिता भिलाई नगर निगम में ग्रेड 4 कर्मचारी थे। उसने लोकल स्कूल में 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की। वह महज 17 साल की उम्र में काम करने लगा। वह 12 से 14 हजार रुपए प्रतिमाह रेडीमेड कपड़ों की दुकानों में काम कर कमाता था। तब भी वह सट्टा खेलता था। छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों को लगता है कि वह अवैध सट्टेबाजी के साथ क्रिकेट व दुनियाभर के खेलों में रुपए लगाता था। फिर चंद्राकर की मुलाकात महादेव ऐप के दूसरे प्रमोटर रवि उप्पल (50 से हुई। 2017 में जब वह चंद्राकर से मिला, तब तब वह भिलाई, पुणे और बैंगलोर में कई छोटे-मोटे कारोबार कर चुका था। वह एक सट्टेबाजी नेटवर्क से जुड़ा और एक ऐप बनाया। 2018 में, गेम को लेकर चंद्राकर की दिलचस्पी से प्रभावित होकर, उप्पल ने उसे अपने साथ जोड़ लिया। कुछ ही महीनों में चंद्राकर ने भिलाई के नेहरू नगर में जूस फैक्ट्री नाम से एक रेस्तरां खोला। जांच से जुड़े रहे एक अधिकारी ने बताया, वे वहां से रैकेट चला रहे थे। अक्टूबर 2022 में ईडी हरकत में आया और मामला दर्ज किया। उनकी जांच में आरोप लगाया गया कि महादेव ऐप ने तीन पत्ती और पोकर जैसे कई लाइव गेम्स में अवैध सट्टेबाजी, लाइव क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस और अन्य खेलों पर दांव लगाने के अवसर और यहां तक कि भारतीय चुनाव परिणामों पर दांव लगाने के लिए एक ऑनलाइन मंच प्रदान किया। एजेंसी ने चंद्राकर और चप्पल को प्राइमरी प्रमोटर्स के रूप में पहचाना और कहा कि वे दुबई में रहते और काम करते थे।

लोग उसे महादेव चंद्राकर कहते हैं...

भिलाई का 26 साल का युवक सौरभ चंद्राकर। कंपनी के दो प्रमोटर्स में से एक है। बताते हैं कि टीनएज में वह कपड़े की लोकल दुकान में काम करता था, मगर सट्टेबाजी का चस्का तब भी था। बड़ा होते-होते उनकी पर्सनालिटी ऐसी हो गई कि भिलाई के लोग मदद मांगने पहुंचते थे। वहां लोग उसे सौरभ 'महादेव' चंद्राकर कहते हैं।

ईडी के यह दोनों आरोपी कई वेबसाइटों पर कॉन्टैक्ट नंबरों का विज्ञापन करते थे और लोगों को मुनाफे का लालच देते थे। एक बार किसी ने दिलचस्पी दिखाई तो उसे कई सट्टेबाजी साइटों पर भेजा जाता था। 10 महीनों के दौरान, ऊपर वाले बंदे ने सौरभ को कभी नहीं देखा। जैसे-जैसे सौरभ की दौलत बढ़ी, उससे जुड़ी तमाम किवदंतियां बनती गईं। ऊपर वाले युवक ने बताया, हमने सुना है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए शेखों को पेमेंट करता था। किसी ने कहा कि उनके पास 40 बॉडीगार्ड्स थे और अब वह बॉलिवुड सेलेब्रिटीज के साथ उठता-बैठता है।

36.62 लाख लाड़ली बहनों को ₹ 450 में गैस रीफिल योजना

की ₹ 219 करोड़ अनुदान राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण

मुख्यमंत्री

शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

भोपाल, अपराह्न 12:30 बजे

तथा

तेंदूपत्ता संग्राहकों को 56 करोड़ के हितलाभ व

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया की

1.85 लाख बहनों को ₹ 27.87 करोड़

आहार अनुदान अंतरण (अक्टूबर से ₹ 1500)

एवं

जनजातीय सम्मान समारोह-2022

डिंडौरी, अपराह्न 2:00 बजे

- रानी दुर्गावती सम्मान
- वीर शंकर शाह, रघुनाथ शाह सम्मान
- जननायक टंट्या भील सम्मान
- बादल भोई सम्मान
- जनगण श्याम सम्मान
- ठक्कर बापा सम्मान

मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय समाज के उत्थान और गौरव संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान को कर रही है सम्मानित

6 अक्टूबर, 2023

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D11140/23

सबकी उन्नति के संकल्पित प्रयास और देश में प्रदेश को नयी पहचान देने वाली विकास यात्रा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जारी है.....

निरंतर जारी मध्यप्रदेश की विकास यात्रा

नये बड़े निर्णय

₹ 6000 करोड़ लागत की 18 सिंचाई परियोजनाएं

चितावद - उज्जैन, मेढ़ा - बैतूल, पन्हेटी - गुना, लोनी - रीवा, स्वाम्हा - कटनी, डोकरीखेड़ी - नर्मदापुरम, सोनपुर - शिवपुरी, थावर-मंडला, मुरकी-डिंडौरी, पावा-शिवपुरी, सिरमौर-रीवा, कनेरा-भिण्ड, मल्हारगढ़-मंदसौर, देवरी-नर्मदापुरम, सीतलझिरी-बैतूल, आहू-आगर मालवा, बगलीपीठ-बालाघाट और पहाड़िया-रीवा

सिंचाई परियोजनाओं से **2.5 लाख** हेक्टेयर बढ़ेगा सिंचित क्षेत्र

1250 गांवों के 2 लाख किसान होंगे लाभान्वित

सेवामुक्त होने पर कोटवारों को आर्थिक सुरक्षा

सेवा मुक्त होने पर कोटवारों को ₹**1 लाख** की सहायता राशि

कर्मचारियों को आयुष्मान से नि:शुल्क इलाज

शासकीय कर्मचारी और संविदा कर्मियों को भी मिलेगा अब आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, ग्राम रोज़गार सहायक, आशा व ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइज़र, कोटवार होंगे पात्र

अब नहीं देनी पड़ेगी बार-बार फीस

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अब सिर्फ वन टाइम परीक्षा शुल्क व रजिस्ट्रेशन की सुविधा

₹ 3156 करोड़ की सड़क परियोजनाएं

यातायात होगा सुगम, आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा, भोपाल-इंदौर, राजगढ़ एवं पुराना भोपाल, **8** लेन मार्ग के निर्माण को स्वीकृति

भोपाल के कमला पार्क से खानूगांव तक **8** लेन एलिवेटेड कॉरिडोर

पोषण होगा अब और बेहतर

जनजातीय परिवारों के पोषण के लिए हितग्राहियों की राशि में वृद्धि करते हुए अनुदान ₹1250 की जगह मिलेगा ₹**1500** प्रतिमाह

प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण

पांढुर्णा एवं मैहर **2** नये जिलों का निर्माण

उज्जैन में उन्हेल, बालाघाट में लामता, रायसेन में बम्होरी व सुल्तानगंज और मंदसौर में कयामपुर **5** नयी तहसीलों का निर्माण

8 ग्राम पंचायतें बनेंगी नगर परिषद और ब्यौहारी बनेगी नगर पालिका

वनकर्मियों को विशेष अनुदान

शहीद वनकर्मियों के परिवार को ₹10 लाख से बढ़कर मिलेगा ₹ **25 लाख** का अनुग्रह अनुदान

विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र

युवाओं में क्षमता निर्माण के लिये 52 जिलों में स्थापित होंगे सर्वसुविधायुक्त विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र

₹ **74 करोड़** की स्वीकृति

स्कूटी प्रदाय योजना की प्रक्रिया हुई सरल

शासकीय विद्यालयों में प्रथम आने वाले छात्रों को नि:शुल्क ई-स्कूटी/स्कूटी प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण

लोक कलाकारों का मानदेय बढ़ा

दैनिक मानदेय 800 से बढकर ₹**1500** तथा भत्ता 250 से ₹**500**

D11140/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

मांग पूरी नहीं हुई तो ग्रामीण आने वाले चुनाव का करेंगे बहिष्कार,ग्रामीणों ने लगाया आरोप

50 वर्षों से आदिवासी ग्राम नहीं मिल रहा है शासन की योजनाओं का लाभ

सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो

शुक्रवार के दिन आदिवासी ग्राम सातपुरा से आए दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओ का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम नवागत अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद सिंह गुर्जर को सोपा।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत नाहरकोला कला में आती है। सातपुरा गांव में किसी प्रकार का कोई विकास कार्य ना तो शासन करवा रहा है और ना ही ग्राम पंचायत नाहरकोला द्वारा कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत

नाहरकोला कला द्वारा 50 से 55 वर्ष से कोई भी योजाना का लाभ हमे नही पहुंचाया गया। हमारे ग्राम सातपुरा से खकरापुरा तक का रोड कच्चा है बारिश के दिनों में उक्त रास्ते पर कीचड़ हो जाने से हमारा सम्पर्क टूट

खखरापूरा से सातपुरा तक सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

जाता है और हमारे ग्राम में कीचड़ अधिक होने से गाँव में कोई आता जाता नहीं है। मात्र चुनाव के समय वोट के लिए नेता आते है।

गांव मे ना तो सरकारी स्कूल है और ना ही कोई स्वास्थ्य केंद्र बना हुआ है हमारे बच्चे पढाई के आभाव में अशिक्षित हो रहे है। गाँव की महिला एवं बच्चे सही समय पर इलाज नहीं मिलने से बीमार रहते है हमारे ग्राम में सरकारी शौचालय तक नहीं बनवाया गया और ना ही किसी भी व्यक्ति को शासन की योजाना का लाभ दिया गया है। हम सभी ग्रामवासी हमारे ग्राम सातपुरा के रोड को ग्राम खकरापूरा रोड से जोड़ कर पक्का रोड बनवाना चाहते है जिससे हम अपने बच्चों को सिवनी मालवा में पड़ा सके एवं रोड बनने से ग्राम के लोगो को रोजगार मिल सके।

नर्मदापुरम उत्पादकता के क्षेत्र दुनिया को मात देने में सक्षम : मुख्यमंत्री

नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविंद्र भवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 53,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत के प्रदेशव्यापी 14,375 अधोसंरचना और विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा भूमि पूजन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजय पाल सिंह, विधायक सिवनीमालवा प्रेम शंकर वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव तथा कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले के जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदापुरम जिले में निरंतर सिंचाई सुविधाओं का जाल बिछाया जा रहा है।

नपा प्रशासन की लापरवाही मंडी रोड पर बड़ा हादसा टला

सिरोंज,दोपहर मेट्रो

नगर पालिका परिषद के द्वारा मुख्य मार्गों पर क्षतिग्रस्त हो चुके गढे तथा जलो की मरम्मत नहीं करवाई जा रही इसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। शहर के अंदर और भी बुरे हालात हैं शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधि भी इन समस्याओं को दूर करवाने ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इनकी अनदेखी के कारण शुक्रवार को कृषि उपज मंडी के सामने मुख्य रोड पर नगर पालिका के द्वारा एक गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई। इसकी वजह से उसमें एक ट्रैक्टर निकाला उसकी ट्राली गड्ढे में फस कर पलट गई गनी मत रही गई की उस समय वहां से कोई वाहन चालक नहीं गुजर रहा था नहीं तो बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी इसका जिम्मेदार कौन होता कई बार इस गड्ढे की मरम्मत करवाने को लेकर शिकायत भी की जा चुकी है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसी दिन इनकी लापरवाही के कारण बड़ी जनहानि होगी शायद उसके बाद ही नगर पालिका प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में से जागेंगे तभी तो मुख्य सड़क पर इस तरह से खुदे पड़े गड्ढे को ठीक नहीं करवाया जा रहा है। शहर में भी इसी तरह की तस्वीर अधिक कौन जगह नजर आ जाएगी जलो की हालत भी ठीक नहीं है फिर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। ब्रेकर लगाने के नाम पर भी जमकर गड़बड़ झाला किया गया है। जो ब्रेकर लगाए हैं वह बहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं । वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं साथ ही वाहनों में भी टूट फूट भी हो रही है।

परीक्षा केंद्र एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण

सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा सत्र 2023- 24 जिला जिला स्तरीय द्वितीय चरण की परीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार के दिन परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में दिनांक 5 एवं 6 अक्टूबर को कक्षा 2 से 8 तक की प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई।

जिसमें कक्षा 2 एवं 3 में हिंदी अंग्रेजी गणित तथा कक्षा चौथी पांचवी में हिंदी अंग्रेजी गणित और पर्यावरण तथा कक्षा छठवीं से आठवीं में हिंदी संस्कृत अंग्रेजी विज्ञान गणित और प्रश्न मंच की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र में कुल 468 परीक्षार्थी दर्ज थे जिसमे 392 उपस्थित रहे। परीक्षा संपन्न होने के उपरांत परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरित किए गए व दोनों दिवस में उपस्थित अभ्यर्थियों हेतु भोजन पैकेट व्यवस्था सभी परीक्षार्थियों हेतु समुचित व्यवस्था जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा की गई।

शुक्रवार को राज्य स्तर से ओआईसी रमाशंकर तिवारी द्वारा परीक्षा केंद्र का सघन निरीक्षण किया गया,परीक्षा विधिवत संचालित पाई गई । परीक्षा केंद्र निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति को लेकर बीआरसी संतोष कुमार शर्मा को निर्देशित किया कि व संबंधित सीएसी एवं शिक्षकों को उक्त आशय हेतु स्पष्टीकरण जारी करें परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने के बाद सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास का सघन निरीक्षण किया गया जहां वार्डन श्रीमती गुलाब यादव एवं सहायक वार्डन श्रीमती अर्चना मेहरा को छात्रावास प्रबंधन से संबंधित विशेष निर्देश दिए साथ ही सप्ताह में शनिवार रविवार या बगैर सूचना के छात्रावास में अनुपस्थित हेतु सहायक वार्डन को बिना अनुमति के छात्रावास कदापि न छोड़े । किचन शेड शौचालय छात्राओं के कमरों का निरीक्षण व छात्राओं से चर्चा की गई निरीक्षण के समय जिला शिक्षा केन्द्र नर्मदापुरम एपीसी डीपी यादव भी उपस्थित थे।

एसडीएम ने सीएम को 7 दिन में कुत्तों को बाहर करने के दिया आदेश

सिरोंज ,दोपहर मेट्रो

अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने एक पत्र निकालकर नगर पालिका सीएमओ को आदेशित किया कि नगर सिरोंज में नागरिकों द्वारा आए दिन शिकायत प्राप्त हो रही है कि नगर सिरोंज मेंआवारा कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है शहरवासियों में भय का माहौल है आवारा कुत्तों को दूर कहीं अन्य स्थान पर छोड़कर समुचित कार्यवाही कर सुनिश्चित करें।

आवारा कुत्तों के आतंक से छोटे स्कूली बच्चों में था भय का माहौल - नगर सिरोंज में आवारा कुत्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है छोटे-छोटे गली कूचों में आवारा कुत्तों का झुंड दिखाई देता है छोटे स्कूली बच्चे मदरसे के बच्चे आवारा कुत्तों के चक्कर में डर से परेशान थे। आवारा कुत्तों को नगर से बाहर करने के लिए एसडीएम ने सीएमओ को आदेशित कर 7 दिवस के अंदर नगर से कुत्तों को बाहर करने के लिए आदेशित किया है।

झुंड बनाकर करते हैं लोगों को घायल -आवारा कुत्तों के झुंड बनाकर लोगों को पीछे पढ़ते हैं कई बार छोटे बच्चों को भी आवारा कुत्ते घायल कर चुके हैं वहीं रात्रि के समय चौक चौराहे ऊपर से निकलने वाले लोगों के ऊपर हमला कर देते हैं जिससे कई लोग घायल भी हो चुके हैं वही देखा जाए की रात्रि के समय में आवारा कुत्ते दो पहिया एवं

एसडीएम ने लिया चार्ज निर्वाचन का काम पारदर्शिता के साथ किया जाएगा

सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक फेरबदल लाजमी है लेकिन रातम रात हुए ट्रांसफरों की चर्चाएं भी शहर में रही। गुरुवार की रात अचानक एसडीएम अनिल कुमार जैन थाना प्रभारी उषा मरावी सहित फूड विभाग में स्थानांतरण हुआ और शुक्रवार के दिन जिले से आए डिप्टी कलेक्टर प्रमोद सिंह गुर्जर ने सिवनी मालवा अनुविभागीय दंडा अधिकारी का पदभार ग्रहण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखा वहीं उन्होंने निर्वाचन से संबंधित क्षेत्र का भी दौरा किया। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं रहेंगी उनको वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और उसका निदान किया जाएगा वही क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर उन्होंने कहा कि माईनिंग,राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बना कर कार्यवाही की जाएगी।इधर नवागत थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती ने भी

अवैध शराब,जुआ,गांजा पर होगी सख्त कार्रवाई नवागत थाना प्रभारी

शुक्रवार के दिन सिवनी मालवा थाने का चार्ज लिया हालांकि श्री मुकाती पहले से ही सिवनी मालवा तहसील के चप्पा चप्पा से वाकिफ हैं। उन्होंने सिवनी मालवा शिवपुर और डोलरिया थाने में का उनका पुराना अनुभव है वह पहले भी यहां रह चुके हैं।मीडिया से बात करने पर उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब जुआ गंजा सहित जो भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहेंगे उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।मीडिया ने गांव-गांव बिक

उज्जवला एवं लाड़ली बहनों को मिली गैस सब्सिडी की राशि

सिरोंज। प्रदेश सरकार के द्वारा लाडली बहनों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अलग से सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिसके तहत लाडली बहनों के खातों में सब्सिडी की राशि डालने का काम शुक्रवार को प्रिंसी भारत गैस एजेंसी मुगलसराय पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से सभी पात्र क्षेत्र की लाडली बहनों के खातों में सीधी राशि डालने का काम 450 रुपए का किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती माध्यमिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत लाडली बहनों को 450 रुपए की सब्सिडी देने का काम किया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और केंद्र की सरकार हमेशा महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है 450 रुपए राज्य अनुदान राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से का सीधा प्रसारण के तहत किया गया।

महिलाओं ने महालक्ष्मी जी की व्रत रखकर की पूजन

सिरोंज।शुक्रवार को नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में महालक्ष्मी जी की पूजा अर्चना हुई इस व्रत को करने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती है घर में सुख समृद्धि और धन की वर्षा करती है ऐसी प्राचीन मानता है साथ ही परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं के द्वारा व्रत रखकर विधि विधान से महा लक्ष्मी जी और हाथी की पूजा अर्चना की गई । व्रत को लेकर महिलाओं उत्साह भी देखने को मिला वहीं महालक्ष्मी जी को उनके पसंद के व्यंजन बनाकर उनका भोग लगाया दूसरी ओर मिट्टी के बने हाथी बाजार में देखने को मिले आमतौर पर मिट्टी के हाथी कम मिलते हैं। इस बार मिट्टी के ही हाथियों का उपयोग महिलाओं ने पूजा अर्चना के लिए किया विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न हुई और माता रानी से सुख समृद्धि धन-धन की कामना भी व्रत रखकर महिलाओं ने की।

अमृत कलश की मिट्टी लेकर कर्तव्य पथ जाएंगे रामबाबू कुशवाह

सिरोंज। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम विभिन्न विभागों ,स्वयमसेवी संस्थाओं द्वारा व नागरिको द्वारा संयुक्त रूप से विगत कई दिनों से मेरी माटी को नमन, वीरों को बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद स्तर पर गांव गांव से मिट्टी व चावल को अमृत कलश में संग्रह कर एवं गांव में कलश यात्रा निकालकर क्षेत्र की मिट्टी को एकत्रित करके ब्लॉक स्तर पर एक कलश में मिश्रण किया है । वहीं पंच - प्रण की शपथ लेकर देश की सेवा में लगे वीरो को सम्मानित भी किया गया । यह कलश दिल्ली ले जाने के लिए नेहरू युवा केंद्र में सक्रिय स्वयंसेवक एवं समाजसेवी रामबाबू कुशवाह को सौपा गया ,। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका का निर्माण किया जा रहा है जहां पर भारत के प्रत्येक गांव गाँव से लाई गई की मिट्टी से वाटिका का निर्माण होगा जिसमें देश के प्रधानमंत्री भी शामिल होंगे । इसी क्रम में जनपद पंचायत सीईओ वंदना शर्मा, एपीईओ खेमचद्र चौधरी ,आदि मौजूद थे ।

मेट्रो एंकर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक आयोजित

प्रकाशक से घोषणा पत्र प्राप्त करने के बाद ही छाप सकेंगे पोस्टर पर्चे..

नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन के संबंध में जिले के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्वाचन पेमप्लेटो, पोस्टर आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रेस संचालकों को आवश्यक निर्देशों के संबंध में बताया गया कि किसी भी निर्वाचन पैम्फलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए। मुद्रण सामग्री प्रिंटिंग होने के तीन दिनों के अंदर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित) तथा प्रकाशक से घोषणा प्राप्त कर संबंधित सब डिविजनल मजिस्ट्रेट को भेजा जाये।

नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा बताया गया कि धारा 127 (क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी

भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जो प्रिंटिंग प्रेस के लाइसेंस का प्रतिसंहरण भी हो सकती है। किसी भी निर्वाचन पैम्फलेट या पोस्टर इत्यादि का काम शुरू करने से पहले मुद्रक निर्धारित अनुलग्नक क में धारा 127 क (2) के अनुसरण में प्रकाशक से घोषणा प्राप्त करेगा।

यह घोषणा प्रकाशक द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित तथा उसे व्यक्तिगत तौर पर जानने वाले दो व्यक्तियों द्वारा प्रमाणित की जाएगी, जिला मजिस्ट्रेट को अग्रेषित करते समय यह मुद्रक द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए। मुद्रित सामग्री के प्रकाशित होने के तीन दिनों के अंदर इसकी चार प्रतियां तथा प्रकाशक से प्राप्त घोषणा प्रस्तुत करेगा। इस प्रकार की मुद्रित सामग्री तथा घोषणा के साथ मुद्रक प्रतियों की संख्या तथा मुद्रण की कीमत का ब्यौरा आयोग द्वारा निर्धारित प्रोफॉर्मा, अनुलग्नक ख में प्रस्तुत करेगा। प्रत्येक निर्वाचन पैम्फलेट, पोस्टर इत्यादि के संबंध में, प्रत्येक दस्तावेज की प्रिंटिंग के तीन दिनों के अंदर उसके द्वारा मुद्रित किये गए हों, अलग-अलग दी जाएगी।

बताया गया कि निर्वाचन पैम्फलेटों, पोस्टरों, इत्यादि के मुद्रण पर उक्त प्रतिबंध, इन दस्तावेजों के प्रकाशका एवं मुद्रकों की पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से विधि द्वारा अधिरोपित किए गए हैं,ताकि यदि धर्म, वंश, जाति, समुदाय या भाषा या विरोधी के चरित्र हनन इत्यादि के आधार पर कोई ऐसे मामले या सामग्री शामिल हों, जो अवेध, आपराधिक या आपत्तिजनक हों तो संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक दण्डात्मक या निरोधक कार्रवाई की जा सके। साथ ही पोस्टरों इत्यादि के मुद्रण एवं प्रकाशन पर हुए अनधिकृत निर्वाचन व्ययों पर रोक लगाई जा सके।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित प्रिंटिंग प्रेस संचालक उपस्थित रहे.

सहायक राजस्व निरीक्षक राधेश्याम यादव का निधन

नर्मदापुरम

पिछले एक सप्ताह से जिंदगी और मौत की जंग से लड़ रहे नगर पालिका नर्मदा पुरम के सहायक राजस्व निरीक्षक एवं कर्मठ कर्मचारी राधेश्याम यादव का गत रात्रि निधन हो गया। शनिवार को सुबह जैसे ही यह दर्दनाक खबर नगर में फैली वैसे ही नगर पालिका कर्मचारी सहित उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। भोपाल के एम्स में पिछले कुछ दिनों से उनका इलाज जारी था। उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा निरंतर की जा रही थी। उनके उपचार के लिए भी नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा सहयोग राशि एकत्र कर ली गई थी। लेकिन होनी को कौन टाल सकता है. राधेश्याम यादव के मित्र राम गोविंद चौहान ने बताया कि आज शनिवार शाम को 4: 00 बजे उनका अंतिम संस्कार नर्मदा तट पर किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव सीएमओ नवनीत पांडे नगर पालिका अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत जैन, योगेश सोनी सहित कर्मचारियों अधिकारियों एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश अत्रे कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष ओ पी रावत सहित दिलावर बेग मूर्ती सिंह शैलेंद्र साहू मुकेश कदम कैलाश कनौजिया सहित सभी सदस्यों ने इस आपदा की घड़ी में यादव के परिवार जनों को सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा मैच

14 अक्टूबर को होगा भारत-पाकिस्तान का रोमांचक मुकाबला, क्रिकेट फैंस में उत्साह

अहमदाबाद, एजेंसी। वर्ल्ड कप के पहले मैच की शुरुआत नरेंद्र मोदी स्टेडियम से हुई है। पहला मैच न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। अब यहां दूसरा मैच 14 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान के बीच होगा। इसके बाद अगले मैच 4, 10 और 19 नवंबर को मैच होंगे। 19 नवंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। भारत में आयोजित हो रहे आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरुआत से हो चुकी है। हालांकि, क्रिकेट फैंस को अब 14 अक्टूबर का इंतजार है, क्योंकि इस दिन भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना है। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। वहीं फैंस की परेशानी को देखते हुए भारतीय रेलवे ने भारत-पाकिस्तान मैच के लिए विशेष वंदे भारत ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

इस वर्ल्ड में भिड़ंत कब 14 अक्टूबर को

इस वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच 14 अक्टूबर को होगा। तीनों फॉर्मेट यानी वनडे, टेस्ट और टी-20 को मिलाकर दोनों टीमों के बीच 205 मैच हो चुके हैं। इनमें से भारत ने 73 और पाकिस्तान ने 88 मैचों में जीत हासिल की है। एक मुकाबला टाई रहा और बाकी या तो ड्रॉ रहे या बेनतीजा रहे। जाहिर है ओवरऑल आंकड़ों में पाकिस्तान आगे है। लेकिन, वर्ल्ड कप की भिड़ंत में भारत पूरी तरह से हावी है। वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाक की सात भिड़ंत हुई और सातों भारत ने जीते। टी-20 वर्ल्ड कप में भी सात मुकाबले हुए। इनमें भारत ने 6 जीते और पाकिस्तान सिर्फ एक जीत सका है। बेंगलुरु में भारत-पाकिस्तान के बीच 1996 वर्ल्ड कप का क्वार्टर फाइनल हुआ। भारत ने पहले बैटिंग की और 8 विकेट पर 287 रन बनाए। ओपनर नवजोत सिंह सिद्धू ने 93 और अजय जडेजा ने 25 बॉल पर 45 रन बनाए। जडेजा ने खतरनाक वकार यूनुस के एक ओवर में 22 रन भी लगाए। 288 रन के जवाब में पाकिस्तान ने 10 ओवर में बगैर नुकसान के 84 रन बना दिए। 15वें ओवर में कप्तान आमिर सोहेल ने पेसर वेंकटेश प्रसाद की बॉल पर 2 चौके लगाए।

लोगों के लिए रेलवे की पहल... फैंस के लिए मप्र, राजस्थान और महाराष्ट्र से चलेंगी वंदे भारत ट्रेनें

इंडिया-पाकिस्तान मैच के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र से स्पेशल वंदे भारत ट्रेनें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच के लिए रवाना होंगी। इन ट्रेनों की टाइमिंग भी क्रिकेट फैंस की सुविधा के हिसाब से रखी गई हैं।

भारतीय रंग में रंगी होगी ट्रेन

इतना ही नहीं, रेलवे ट्रेन की इस यात्रा को यादगार बनाने की भी प्लानिंग कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन में देशभक्ति के गाने बजाने से लेकर चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले मुकाबले के ऐतिहासिक क्रिकेट पल को भी ट्रेन में दिखाया जाएगा। इस दौरान ट्रेन भी तिरंगे के रंग में रंगी नजर आएगी।

होटलों में रुकने का खर्च बचेगा

रेलवे के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, ट्रेनों की टाइमिंग ऐसी रखी गई है कि मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले ट्रेन अहमदाबाद पहुंच जाएं और मैच खत्म होने के बाद वापसी करे। मैच खत्म होने के बाद वापसी में ट्रेन होने से फैंस को रात में अहमदाबाद में नहीं रुकना पड़ेगा। इससे उनका होटलों में रुकने का खर्च भी बच सकेगा।

फ्लाइट तक की बुकिंग

भारत-पाकिस्तान मैच के चलते 14 अक्टूबर के लिए ट्रेनों के अलावा फ्लाइट तक की सभी टिकटें बुक हो चुकी हैं। इतना ही नहीं, अहमदाबाद की होटल भी फुल हो चुकी हैं। ट्रेन-फ्लाइट्स के टिकट तो छोड़िए, हालात ये हैं कि अब लोगों को होटलों में रूम भी नहीं मिल रहा है। ऐसे में ट्रेन की सुविधा होने से फैंस को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं अहमदाबाद में रात 1 बजे तक चलेगी मेट्रो, 50 रुपए टिकट गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी मैच के दिनों में मेट्रो ट्रेनों का समय बढ़ाने का फैसला किया है।

एक बिलियन डॉलर में हो सकती है टेमासेक-टाटा ग्रुप के बीच डील

मेट्रो बाजार

मुंबई, एजेंसी

टाटा ग्रुप जल्द ही टाटा प्ले में टेमासेक की हिस्सेदारी को खरीद सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा प्ले में लगभग 20 फीसदी हिस्सेदारी बायबैक यानी वापस खरीदने के लिए टाटा ग्रुप की टेमासेक होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ बातचीत चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, एंटरटेनमेंट कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म टाटा प्ले में हिस्सेदारी खरीदने के लिए टेमासेक और टाटा ग्रुप के बीच यह डील लगभग एक बिलियन डॉलर यानी 8,325 करोड़ रुपए से ज्यादा की वैल्यूएशन में हो सकती है। इस डील के बाद टाटा प्ले में टाटा ग्रुप की हिस्सेदारी और ज्यादा बढ़ जाएगी। टेमासेक ने साल 2007 में टाटा प्ले की 20 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। टाटा प्ले 2001 में इनकॉरपोरेट हुआ था और सर्विसेज 2006 से शुरू की थी। तब इसका नाम टाटा स्काई था, जिसे बाद में बदलकर टाटा प्ले कर दिया गया था। टाटा ग्रुप, टेमासेक की टाटा प्ले में इसी हिस्सेदारी को वापस खरीदने के लिए कई महीनों से कोशिश कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, टाटा प्ले लिमिटेड में लगभग 20त्न हिस्सेदारी खरीदने के लिए टाटा ग्रुप और सिंगापुर की स्टेट इन्वेस्टर के बीच बातचीत फाइनल स्टेज में है। हालांकि, टेमासेक और टाटा प्ले इस डील के साथ ही आगे बढ़ेंगे, अभी इस बात की कोई गारंटी नहीं है। टाटा प्ले, टाटा ग्रुप और वॉल्ट डिज्नी कंपनी के ट्वेंटी-फर्स्ट सेंचुरी फॉक्स के बीच एक जॉइंट वेंचर है। पे-टेलीविजन और अपने ऐप के माध्यम से ओवर-द-टॉप वीडियो स्ट्रीमिंग यानी ओटीटी सर्विसेज प्रोवाइड करती है।

आईफोन 15: एपल ने आईओएस अपडेट रोलआउट किया

नईदिल्ली, एजेंसी। टेक कंपनी एपल ने आईफोन 15 प्रो सीरीज में ओवरहीटिंग की दिक्कत आने के बाद आईओएस 17.0.3 अपडेट रोलआउट किया है। कंपनी ने बताया कि सिक्योरिटी अपडेट के साथ उस इश्यू को फिक्स किया गया है, जिसके कारण आईफोन उम्मीद से ज्यादा गर्म हो रहे है। हाल ही में एपल में आईफोन 15 प्रो सीरीज में हीटिंग की समस्या को स्वीकार किया था। कंपनी ने कहा था कि बढ़ी हुई बैकग्राउंड एक्टिविटी के कारण आईफोन गर्म हो सकते हैं। हमें आईओएस 17 में एक बग मिला है, जो कुछ यूजर्स को प्रभावित कर रहा है। इसके साथ ही एपल ने आईफोन 15 प्रो सीरीज में हीटिंग की दिक्कत के लिए इंस्टाग्राम, उबर और एस्फाल्ट 9 जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स को भी जिम्मेदार ठहराया था। यह अपडेट आईफोन 15 सीरीज के साथ आईफोन के लिए भी रोलआउट किया गया है। अब वहां पर आपको आईओएस का अपडेट दिखाई देगा। इसके बाद डिवाइस का पासवर्ड डालकर डाउनलोड एंड इंस्टॉल ऑप्शन पर टैब करना है। अब आपको टर्म एंड कंडीशन दिखाई देगी, जिसे एक्सेप्ट करना है। इसके बाद आईओएस 17 का अपडेट डाउनलोड होने लगेगा। अपडेट डाउनलोड होने के बाद इंस्टॉल ऑप्शन को चूज करना है, जिसके बाद लेटेस्ट अपडेट इंस्टॉल हो जाएगा। एपल ने 12 सितंबर को अपने वंडरलस्ट इवेंट में आईफोन 15 सीरीज लॉन्च की थी। भारत में आईफोन-15 प्रो के 128 जीबी वैरिएंट की कीमत 1,34,900 और प्रो मैक्स का 256 जीबी वैरिएंट 1,59,900 में मिल रहा है।

19वें एशियन गेम्स के चौदहवें दिन भी भारत का दबदबा

एशियाड में पहली बार भारत के 100 मेडल, महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में चाइनीज ताइपे को हराया

होंगझोउ, एजेंसी

एशियन गेम्स के 74 साल के इतिहास में भारत ने पहली बार 100 मेडल का आंक?ा छूआ। शनिवार सुबह गेम्स के14वें दिन महिला कबड्डी टीम ने चाइनीज ताइपे को फाइनल में 26 -25 से हराकर गोल्ड जीतने के साथ ही भारत के लिए 100वां मेडल जीता। इसके साथ ही अब भारत के 25 गोल्ड हो गए हैं। इस तरह आज अब तक भारत को 5 मेडल मिले हैं। कबड्डी के अलावा, भारत को आर्चरी कंपाउंड में 4 मेडल मिले। इनमें 2 गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज शामिल है। चीन के गुवांगझोउ में चल रहे इस एशियन गेम्स में भारत को 24 सितंबर को शूटिंग में पहला पदक मिला था। इसके बाद से जीत का सिलसिला जारी है। इससे पहले 2018 के जकार्ता एशियन गेम्स में भारत ने सबसे ज्यादा 70 मेडल जीते थे।

तीरंदाजी इवेंट्स में दो गोल्ड, एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज- आर्चरी के कंपाउंड इंडिविजुअल विमेंस इवेंट में दो मेडल के साथ हुई। भारत को पहला मेडल आर्चरी के कंपाउंड इंडिविजुअल विमेंस में अदिति गोपीचंद स्वामी ने दिलाया। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए इस मैच में अदिति ने मलेशिया की रतिह फदली को 146-140 से हराया। वहीं, भारत को दूसरा मेडल भी इसी इवेंट में मिला। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने गोल्ड के हुए मुकाबले में साउथ कोरिया की सो चैवोन को 149-145 से हराया। चैवोन को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। महिलाओं के बाद आर्चरी के कंपाउंड इंडिविजुअल मेंस इवेंट में भारत को गोल्ड और सिल्वर मेडल मिले। ओजस प्रवीण ने गोल्ड के हुए मुकाबले में हमवतन अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराया। अभिषेक को सिल्वर से ही संतोष करना पड़ा। हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स के 13वें दिन भारतीय प्लेयर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। दिन का इकलौता गोल्ड हॉकी में आया। भारतीय मेंस हॉकी टीम ने जापान को गोल्ड मेडल मैच में 5-1 से हराया।

इस साल एशियन गेम्स में भारतीय प्लेयर्स का शानदार प्रदर्शन

हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स में भारतीय प्लेयर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। दिन का इकलौता गोल्ड हॉकी में आया। भारतीय मेंस हॉकी टीम ने जापान को गोल्ड मेडल मैच में 5-1 से हराया। भारतीय हॉकी टीम ने इस जीत के साथ पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई भी कर लिया है। भारत अब 100 मेडल का आंकड़ा छूने को तैयार है। आज 9 मेडल जीतने के बाद भारत की पदक संख्या 95 हो गई है। इसके साथ ही आज भारत ने 4 खेलों में अपने 7 मेडल पक्के कर लिए हैं। इस हिसाब से भारत 100 मेडल जीतने के करीब है। 3 मेडल कंपाउंड मेंस इंडिविजुअल के फाइनल में दोनों खिलाड़ी भारत के हैं, ऐसे में गोल्ड और सिल्वर दोनों भारत के पास आएंगे। कंपाउंड विमेंस इंडिविजुअल फाइनल में भारत की ज्योति सुरेखा कंपीट करेंगी। यहां भी भारत का एक मेडल पक्का है। बैडमिंटन में 1 मेडल मेंस डबल्स के फाइनल में पहुंचकर भारत अपना मेडल पक्का कर चुका है। भारत के सात्विक-चिराग की जोड़ी कल फाइनल मुकाबला खेलेंगी। रेसलिंग में भारत को तीन ब्रॉन्ज मिले। विमेंस 62 चत्र वेट कैटेगरी,76 चत्र फ्रीस्टाइल और मेंस फ्रीस्टाइल 57चत्र इवेंट में पदक आए। भारत की किरण ने मंगोलिया की गैनबैट अरिउंजरगल को हराकर कांस्य जीता। दूसरी ओर भारत के अमन ने मेंस फ्रीस्टाइल 57चत्र इवेंट में ब्रॉन्ज जीता। वहीं, 21 साल की सोनम मलिक ने 62 चत्र वेट कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में चीन की जिया लॉन्ग को हराया। ब्रिज गेम और आर्चरी में एक सिल्वर मिला। ब्रिज टीम फाइनल में भारत ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं, भारतीय मेंस टीम को आर्चरी के रिकर्व टीम इवेंट के फाइनल में साउथ कोरिया के खिलाफ हार के बाद सिल्वर से संतोष करना पड़ा। इससे पहले, भारतीय विमेंस टीम को सेमीफाइनल में थाईलैंड के खिलाफ हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल मिला और बैडमिंटन मेंस सिंगल्स में एचएस प्रणय को ब्रॉन्ज मेडल मिला। सेपक टकरा में भारतीय विमेंस टीम ने पहली बार मेडल जीता। टीम ने भारत को ब्रॉन्ज दिलाया। आर्चरी में रिकर्व विमेंस टीम इवेंट में अंकिता भकत, भजन कौर और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए मुकाबले में भारत ने वियतनाम को 6-2 से हराया। बैडमिंट में मेंस सिंगल्स में एचएस प्रणय को सेमीफाइनल में चीन के खिलाड़ी से 2-0 हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही प्रणय को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। एशियन गेम्स में बैडमिंटन में सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को ब्रॉन्ज मेडल दिया जाता है।

मनोरंजन | **बॉलीवुड का कोना**

अभिनेत्री माहिरा ने मां के लिए लिखा इमोशनल नोट

पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपने निकाह से पहले की रस्मों की तस्वीरें साझा की। इनके साथ महिरा ने अपने परिवार के लिए बेहद इमोशनल कैप्शन भी साझा किया। बता दें माहिरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड सलीम करीम से शादी कर ली। ये माहिरा की दूसरी शादी है। उन्होंने पाकिस्तान के भुरबन शहर में स्थित पर्ल कॉन्टिनेंटल होटल में निकाह किया। माहिरा ने लिखा- 'मेरी मां की एक इच्छा थी। शादी के शुरुआत दुआ से करें। मेरी खूबसूरत अम्मा, जो व्हील चेयर पर हैं, उन्हें देखकर किसी को भी लगेगा कि वह बहुत कुछ नहीं कर सकती हैं, लेकिन वास्तव में वह बहुत कुछ या शायद सब कुछ कर सकती हैं। वह बैठकर नीचे की सजावट करने लगीं, फर्नीचर को इधर-उधर सेट करने लगीं।' बता दें कि माहिरा ने दुआ के लिए उमर सईद का पेस्टल कलर का डिजाइनर पाकिस्तानी सलवार सूट पहना था। सूट में जरी और मोतियों वाली आइवरी चिकनकारी की

फिल्म 'दोनों' को लेकर की चर्चा

ऑडिशन के तीन राउंड के बाद सिलेक्ट हुआ था- राजवीर

राजवीर देओल और पलोमा ढिल्लों फिल्म 'दोनों' से अपना डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या ने किया है। अवनीश ने कहा कि यह फिल्म भी टिपिकल राजश्री की फिल्मों टाइप होगी। इसमें भी आपको प्रेम जैसा कैरेक्टर देखने को मिलेगा। अवनीश ने कहा, 'पापा (सूरज बड़जात्या) ने जितनी फिल्में बनाई हैं वो उनके रियल पर्सनैलिटी से प्रेरित है। प्रेम नाम के सभी किरदार बहुत अच्छे दिखाए गए हैं। क्योंकि उन सभी किरदारों में सूरज बड़जात्या का अंश होता है। फिल्म के लीड एक्टर और सनी देओल के बेटे राजवीर देओल ने कहा कि उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई थी। राजवीर ने कहा कि इल रोल के लिए उन्होंने एक बार नहीं बल्कि तीन बार ऑडिशन दिए थे। राजवीर का कहना है कि फिल्म में निभाया कैरेक्टर उनकी रियल लाइफ से काफी मैच होता है। राजवीर ने कहा, इस फिल्म के ऑडिशन के लिए तीन राउंड देकर मैं सिलेक्ट हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इस रोल के साथ जस्टिस कर सकता हूं, क्योंकि ये मेरे रियल लाइफ कैरेक्टर से काफी मैच करता है मेरे घर में सब मेरे सामने बहुत ज्यादा एक्सप्रेसिव नही हैं।

रिया बोली- जेल में महिलाओं के पास फैमिली सपोर्ट भी नहीं है

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद उनकी गर्लफ्रेंड एक्टर रिया चक्रवर्ती को जेल जाना पड़ा था। सुशांत के परिवार वालों ने रिया और उनके भाई शोविक पर सुशांत को ड्रग्स देने के आरोप लगाए थे। इस दौरान रिया ने जेल में छह हफ्ते बिताए थे। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया कि जेल में आखिरी दिन उन्होंने अपनी साथी महिला कैदियों के साथ नागिन डांस किया था।

भाई को बेल नहीं मिली इसलिए दुखी थी

रिया ने कहा, 'जेल में पहुंचते ही साथ आपका खुद को लेकर नजरिया बदल जाता है। आप सिर्फ एक नंबर रह जाते हैं। आप सिर्फ वहीं कर सकते हैं जो आपसे करने के लिए कहा गया है।' रिया ने आगे बताया, 'मैंने जेल में महिलाओं से काफी कुछ सीखा। मैं अंडरट्रायल प्रिजनर थी, जिस पर दोष सिद्ध नहीं हुआ। वहां मौजूद कई महिलाओं के पास फैमिली सपोर्ट नहीं था, जो मेरे पास था। हालांकि, उनके साथ वो मीडिया ट्रायल भी नहीं हुआ जो मेरे साथ हुआ। जब रिया से पूछा गया कि जेल में उनका आखिरी दिन कैसा था तो उन्होंने बताया, 'जिस दिन मुझे बेल मिली, मेरे भाई को बेल नहीं मिली थी और इसकी वजह से मैं बहुत दुखी थी। वह एकलौता ऐसा दिन था जब मैं जेल में पूरी तरह से टूट गई थी। इससे पहले मैंने वहां मौजूद अपने साथी कैदियों से वादा किया था कि जब मुझे बेल मिलेगी तो मैं सबके लिए डांस करूंगी। हालांकि, उस पल मेरा डांस करने का बिल्कुल मन नहीं था। पर जैसे ही मैं आगे ब?ी मुझे महसूस हुआ कि अगर मैं इन सभी महिलाओं को खुशी का एक पल दे दूं तो क्या बुराई है। हम सबने जमीन पर लेटकर डांस किया और फिर मैंने अपनी लाइफ के सबसे खूबसूरत पल को जिया। थोड़ी देर बाद हम सब जमीन पर लेटकर नागिन डांस कर रहे थे। उस वक्त मैंने उन महिलाओं की आंखों में जो खुशी देखी वो अब तक की मेरी लाइफ का सबसे खुशनुमा पल है।'

बिजली कंपनियों में हड़ताल, वेतन विसंगति व वेतन बढ़ाने जैसी मांगों को लेकर शुक्रवार से बंद है काम

सरकार ने एस्मा लगाया लेकिन पालन कराने वाले खुद हड़ताल पर

हड़ताल में पहली बार अधिकारी, इंजीनियर भी शामिल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में दूसरे दिन शनिवार को भी हड़ताल जारी है। अधिकारी, इंजीनियर से लेकर कर्मचारियों ने काम बंद कर रखा है। जिसके कारण उपभोक्ता हलाकान है। शिकायतों का निराकरण बंद है। तब भी सरकार चुप्पी नहीं तोड़ रही है। कार्यवाही के नाम पर केवल एस्मा लगाया है लेकिन एस्मा के तहत कार्यवाही करने वाले अधिकारी खुद हड़ताल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह हड़ताल शाम तक जारी रही तो प्रदेश भर में आपूर्ति व्यवस्था चरमराना तय है।

यही हाल रहा तो प्रदेश भर में शाम तक व्यवस्थाएं चरमराना तय है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कॉल सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक भोपाल क्षेत्र में शुक्रवार से लेकर शनिवार दोपहर तक 8000 से अधिक शिकायतें लंबित है, जिनका निराकरण नहीं हुआ है। वहीं उपभोक्ता के बिलों में सुधार का काम और नए कनेक्शन जैसी सुविधाएं तो पूरी तरह बंद है।

हड़ताल करने वालें में विद्युत मंडल के नियमित अधिकारी, इंजीनियर, कर्मचारी, बिजली कंपनियों का नियमित अमला, पेंशनर और संविदा पर रखा गया स्टाफ शामिल है। ये नई पेंशन योजना को बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, बिजली कंपनी में निजी करण को बढ़ावा देने जैसी गतिविधियां बंद करने, महंगाई भत्ता देने, वेतन विसंगति दूर करने जैसी मांगों कों लेकर हड़ताल कर रहे हैं।

इनके नेतृत्व में चल रही हड़ताल: यह हड़ताल प्रदेशव्यापी है, जिसका असर भोपाल समेत आसपास के जिलों पर अधिक दिखाई दे रहा है। वहीं इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर में भी हड़ताल की वजह से उपभोक्ता परेशान होने लगे हैं। यह हड़ताल मप्र विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाइटेड फोरम फार पावर इम्लाइज एंड इंजीनियर्स और पावर इंजीनियर एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर की जा रही है। जिसमें तीनों बिजली वितरण कंपनी समेत 6 कंपनी के सवा लाख अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारी शामिल है।

आरोप– आश्वासन दिया लेकिन पूरा नहीं किया

फोरम के संरक्षक वीकेएस परिहार व अन्य संगठनों के विकास कुमार शुक्ला, अजय कुमार मिश्रा का आरोप है कि पूर्व में ही शासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर निजीकरण वापस लेने, पेंशन की सुनिश्चित व्यवस्था करने, कंपनी नियुक्त कर्मियों को पुरानी पेंशन देने, डीआर और चतुर्थ वेतनमान के आदेश जारी करने, सातवें वेतनमान में तीन स्टार मैट्रिक्स विलोपित करने, संविदा इंजीनियरों को नियमित करने, आउटसोर्स कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने, उनके साथ दुर्घटना होने पर 20 लाख रुपये आर्थिक मदद देने, तीन हजार रुपये हर माह जोखिम भत्ता देने, वेतन विसंगति दूर करने, अनुकंपा नियुक्ति् के प्रकरण जल्द निपटाने, पदोन्नति देने जैसी मांगें रखी थी। इन मांगों पर अधिकारियों ने आश्वासन भी दिया था लेकिन इनमें से एक भी मांगों को पूरा नहीं किया। वीकेएस परिहार का कहना है कि कुछ अधिकारी शासन व सीएम हाउस को गुमराह कर बिजली अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारियों को अनसुना कर जबरन विरोध की स्थिति पैदा कर रहे है।

एस्मा बेअसर : इधर शासन ने काम बंद के खिलाफ एस्मा लगा दिया है। पहले दिन भी एस्मा के तहत कोई कार्यवाही नहीं हुई थी और दूसरे दिन दोपहर तक भी किसी तरह की कार्यवाही की सूचना नहीं है। जबकि बिजली अधिकारी, कर्मचारी गोविंदपुरा स्थित बिजली मुख्यालय के परिसर में बैठे हैं

रिटायर्ड रेलकर्मी की स्कूटर को कार ने मारी टक्कर, घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित बीडीए रोड हनुमान मंदिर के सामने कार चालक ने रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी की स्कूटर में टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई है। टक्कर मारने के बाद कार चालक कुछ देर रुका फिर कार लेकर फरार हो गया। इधर घायल रिटायर्ड रेलकर्मी को अस्पताल पहुंचाया गया था। पुलिस ने घायल की शिकायत पर कार चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शशिकांत पांडेय पिता स्व श्रीकांत पांडेय (62) 65 सरला पैराडाइड बीडीए रोड अवधपुरी में रहते हैं। उन्होंने बेटे कृष्णकांत पांडेय के साथ थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि रेलवे में आपरेटिंग की पोस्ट से रिटायर हैं। गुरुवार शाम करीब साढ़े 4 बजे के आसपास वह अपनी एक्टिवा से पेट्रोल लेने 80 फीट रोड अवधपुरी गए थे। पेट्रोल भरवाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान दीप नगर बीडीए रोड अवधपुरी हनुमान मंदिर के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रही कार के चालक ने उनकी एक्टिवा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह एक्टिवा सहित जमीन पर गिर गए। गिरने से उन्हें दाहिने पैर, कमर, दाहिने हाथ में चोट आई है। हादसे के बाद चालक थोड़ा सा रुका उस समय उन्होंने कार का नंबर देख लिया था। इसके बाद कार चालक भाग निकला।

सहायक उपनिरीक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

भोपाल। गोविंदपुरा पुलिस लाइन में रहने वाले एएसआई की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वे बीमार थे और करीब एक महीने से अवकाश पर थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार लक्ष्मण सिंह ठाकुर (55) मूलत- सागर के रहने वाले थे और इन दिनों अपनी पत्नी और अविवाहित बेटी के साथ गोविंदपुरा पुलिस लाइन में रह रहे थे। वे ईंटखेड़ी थाने में एएसआई थे। करीब एक महीने से स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे छुट्टी पर थे। शुक्रवार सुबह उन्हें चक्कर आया और वह बेसुध होकर गिर गए। परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से जय प्रकाश अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। जय प्रकाश अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उनकी मृत्यु हो गई है। पुलिस ने बताया कि उनके परिवार में उनका एक बेटा था, वह भी पुलिस विभाग में था। करीब दो साल पहले उसका सड़क हादसे में निधन हो चुका है।

प्रदेश में पहली बार अभूतपूर्व कंगाली की स्थिति

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने प्रदेश में गंभीर वित्तीय संकट की परिस्थितियां बनाने का आरोप मुख्यमंत्री शिवराजसिंह पर लगाया है।

अजय सिंह का आरोप, खजाना खाली, आहरण पर अघोषित रोक, श्वेत पत्र जारी करें

उन्होंने कहा हाल यह है कि सरकारी लोगों की तनख्वाह के अलावा कोई आहरण नहीं किया जा रहा है। मजदूरी दर पर रखे कर्मियों की मजदूरी रोक ली गई है। ग्रेच्युटी, जीपीएफ, बीमा, अवकाश नकदीकरण और शुरूआती पेंशन आदि के भुगतान पर पूरी रोक लगा दी गई है। बड़े विभागों का बजट वापस लिया जा रहा है। ठेकेदारों की डिपाजिट मनी भी खर्च कर दी गई है। कंगाली की यह स्थिति प्रदेश के इतिहास में पहली बार आई है। सिंह ने कहा कि यह स्थिति पिछले 10-15 दिनों से है। सर्वर की गड़बड़ी का बहाना बना कर सब कुछ रुका हुआ है। सरकार में अफरातफरी मची है। ऐसा लगता है अब मध्यप्रदेश को ऋण देने वाली वित्तीय संस्थाओं ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। सिंह ने कहा कि यदि खजाने की स्थिति खाली नहीं है तो मुख्यमंत्री को स्थिति स्पष्ट करना चाहिए। सरकार की ओर से इस संबंध में एक श्वेत पत्र जारी होना चाहिए ताकि किसी प्रकार का कोई भ्रम न रहे। उन्होंने कहा कि वित्तीय संकट से निबटने के लिए समय रहते तत्काल व्यवहारिक कदम उठाने चाहिए ताकि अप्रिय परिस्थितियों से बचा जा सके।

कर्मचारी मंच की बैठक संपन्न

भोपाल। मप्र कर्मचारी मंच के पदाधिकारियों की बैठक 12 दफ्तर जवाहर चौक मीटिंग हाल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने की। बैठक में अनियमित कर्मचारी, स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारी, पीटीएस कर्मचारियों, पंचायत चौकीदारों एवं वन सुरक्षा श्रमिकों ने उनकों सरकार द्वारा 12 सूत्री मांगों को संज्ञान में लेकर मंजूर न करने पर असंतोष व्यक्त किया। वहीं निर्णय लिया कि अब अनियमित कर्मचारी 9 अक्टूबर को अपनी 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मंत्रालय वल्लभ भवन पर चस्पा करेंगे तथा मुख्य सचिव से मांग करेंगे कि मांगों को मंजूर करके आदेश जारी किया जाए। बैठक में अशोक पांडे, सुनील पाठक, शिव प्रसाद सांगुले आदि सदस्य शामिल थे।

दंपति में विवाद, पत्नी ने पीया फिनाइल, पति ने लगा ली फांसी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुदामा नगर में दंपती के बीच हुए विवाद में पत्नी ने फिनाइल पी लिया। उसके जेठ और जिठानी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। इधर पति ने घर पर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार संतोष उर्फधनराज पवार (35) सुदामा नगर, ऐशबाग में रहता है। वह संयुक्त परिवार में रहता था और उसके साथ भाई भाभी समेत अन्य लोग रहते थे। संतोष पवार के यहां दो मकान थे, क्रमश- 199 और 200 नंबर के मकान में परिवार रह रहा है। संतोष मंडीदीप की एक कंपनी में नौकरी करता?था और शराब पीने का आदी?था। उसकी शराब पीने की लत के कारण आए दिन उसका पत्नी से विवाद होता रहता था। गुरुवार रात भी पति पत्नी में विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर संतोष की पत्नी ने फिनाइल पी लिया। उसे उसका जेठ और जिठानी लेकर अस्पताल पहुंचे?थे। अस्पताल से इलाज कराने के बाद परिजन उसे घर ले आए। सुबह करीब दस बजे संतोष के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो किसी तरह से दरवाजा खोला गया था। दरवाजा खोलने पर पता चला कि संतोष ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल की टीम से कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।



कैंसर की बीमारी से परेशान होकर युवक ने लगाई फांसी

भोपाल। अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित एच सेक्टर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे कैंसर था और उसकी कीमो थैरेपी भी परिजन करा रहे थे। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। हेड कांस्टेबल मनीष मिश्रा ने बताया कि रवि चौरे पिता मथुरा प्रसाद चौरे (30) एच सेक्टर अयोध्या नगर में रहता था। वह कैंसर की बीमारी से परेशान था। उसे अक्सर खून की उल्टियां होती थी। परिजन उसका इलाज के साथ साथ कीमथैरेपी भी करा रहे थे। परिजन ने बताया कि गुरुवार रात वह अपने कमरे में सोया था। शुक्रवार सुबह उसका कमरा बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो किसी तरह से दरवाजा खोला गया था। इस दौरान रवि का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

आईएसबीटी के पास निर्माणाधीन मल्टी के बेसमेंट में भरे पानी में डूबकर मजदूर की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित आईएसबीटी के पास बन रही निजी अस्पताल की निर्माणाधीन मल्टी के बेसमेंट में भरे पानी में डूबने से मजदूर की मौत हो गई। घटना एक दिन पुरानी बताई जा रही है। शुक्रवार को पानी में लाश नजर आने के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मोहन बंसल (25) मूलत- विदिशा का रहने वाला था। वह आईएसबीटी पर निजी अस्पताल की बन रही निर्माणाधीन बिल्डिंग में पत्नी के साथ रह रहा था। उसकी पत्नी कुछ दिन पहले सास की तबीयत खराब होने के कारण विदिशा गई हुई है। मजदूरों ने ठेकेदार को बताया कि बुधवार रात मोहन बिल्डिंग की गैलरी में बैठकर शराब पी रहा था। कुछ देर बाद पानी में गिरने की आवाज आई और मोहन नहीं दिखा। ठेकेदार साइट पर पहुंचा और उसने पानी में तलाश की, लेकिन मोहन नहीं मिला। गुरुवार को भी जब मोहन नहीं मिला तो उसकी पत्नी को बुलाया गया। उसकी पत्नी भोपाल लौटी और गोविंदपुरा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। गुरुवार को भी मजदूरों और पुलिस ने पानी में देखा था, लेकिन मोहन नजर नहीं आया। शुक्रवार को मोहन की लाश पानी में नजर आई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।

मेट्रो एंकर | मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया का मामला

फेसबुक पर दोस्ती के बाद युवती से दुष्कर्म

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया में नर्मदापुरम की युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दरअसल, युवती की पहचान करीब छह महीने पहले फेसबुक के माध्यम से आरोपी से हुई थी। आरोपी उसे अपना बर्थ-डे की पार्टी देने होशंगाबाद से भोपाल ले आया और बंगरसिया में अपने घर पर उससे दुष्कर्म किया।

फाइल फोटो

पीड़िता ने घटना की शिकायत नर्मदापुरम स्थित कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। मामला भोपाल का होने के कारण नर्मदापुरम पुलिस ने शून्य पर अपहरण और बलात्कार समेत एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। केस डायरी मिसरोद पुलिस को सौंपी गई है। मिसरोद पुलिस ने प्रकरणदर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार तीस साल की युवती मूलतः नर्मदापुरम की रहने वाली है। उसकी करीब छह महीने पहले ही फेसबुक के माध्यम से दीपेश यदुवंशी से दोस्ती हुई थी। दीपेश यदुवंशी से चेटिंग के बाद उसकी मोबाइल पर बातचीत होने लगी। पीड़िता का कहना है दीपेश ने उसे यह कहकर भोपाल लाया था कि मेरा बर्थ-डे हैं और मिलकर मनाएगे। इसके बाद आरोपी उसे बंगरसिया ले आया और जबरन उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता को उसने कहा था कि जल्द ही शादी कर लेंगे। अब आरोपी उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर रहा है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

भोपाल। ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक पर बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसके पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बीती रात करीब 11 सूचना मिली थी कि बरखेड़ी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और रेलवे ट्रैक पर बीच में पड़ा था। मृतक की तलाशी ली गई, लेकिन उसके पास पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे की उसकी पहचान की जा सके। पुलिसने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। उसकी उम्र करीब 20 से 25 साल के आसपास बताई जा रही है।

ज्योतिष परामर्श

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ
व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010
shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022